मेरा श्याम सालोना है

तर्ज़ : होठों से छू लो तुम मेरा गीत अमर कर दो

मैं गर्व से कहता हूं,
मेरा श्याम सालोना है,
इनके ही लिए दिल मे,
भावो को सजोना है,
मैं गर्व से कहता हूं,
मेरा श्याम सालोना है ||

भावो का भूखा है,
कुछ और ना भाता है,
प्रेमी के आसू से,
ये प्यास बुझाता है,
नखरे इसके न्यारे,
बड़ा नाजुक छोना है,
मैं गर्व से कहता हूं,
मेरा श्याम सालोना है ||

जब श्याम हसाता है,
मैं खुल के हस पाता,
भावो में रुलाता है,
रोने का मजा आता,
मेरा दिल इस दिलबर के,
हाथो का खिलौना है,
मैं गर्व से कहता हूं,
मेरा श्याम सालोना है ||

इसको खुश रखने की,
में कोशिश करता हूं,
ये रूठ ना जाए कही,
इस बात से डरता हूं,
बिन्नु ये ध्यान रहे,
इनको नही खोना है,
मैं गर्व से कहता हूं,
मेरा श्याम सालोना है ||

स्वर : संजय मित्तल

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/27808/title/mera-shyam-salona-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |